**महत्वपूर्ण / समयबद्ध**
**संख्या : 992 / आठ–1–23**

**प्रेषक,**

**रणवीर प्रसाद,**
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

3. **अध्यक्ष / जिलाधिकारी,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1** **लखनऊ : दिनांक : 17 नवम्बर, 2023**

**विषयः** छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के संबंध में दिशा–निर्देश।

**महोदय,**

अवगत है कि प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में छठ पर्व का त्योहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नदियों / तालाबों / जलाशयों के घाटों पर श्रद्धालुओं द्वारा अर्घ्य / पूजा / अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

**2–** इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विकास प्राधिकरणों / आवास एवं विकास परिषद के क्षेत्रान्तर्गत उक्त पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के संबंध में निम्नवत दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें :–

(1) नदियों / तालाबों / जलाशयों के घाटों पर साफ–सफाई का समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाए।

(2) श्रद्धालुओं के पूंजा / अनुष्ठान एवं स्नान आदि का उचित प्रबन्ध किया जाए।

(3) श्रद्धालुओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए चेजिंग रूम / शौचालय / शुद्ध पेय जल इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

(4) छठ पर्व से जुड़े स्थलों पर भीड–भाड / यातायात को नियंत्रित किये जाने हेतु आवश्यकतानुसार बैरीकेटिंग / डायवर्जन की व्यवस्था की जाए।

(5) छठ पर्व से जुड़े स्थलों / मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

(6) स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए श्रद्धालुओं हेतु मेडिकल कैम्प का प्रबन्ध किया जाए।

(7) आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यकतानुसार गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(रणवीर प्रसाद)**
सचिव।

E: M Go 2023

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(रणवीर प्रसाद)
सचिव।